प्रेषक,

विजय किरन आनन्द,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
बेसिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक०। मार्च, 2023

विषय:-उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण एवं समायोजन के सम्बन्ध में निर्धारित समय सारिणी के स्थान पर संशोधित समय सारिणी।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-बे0 शि0 प 0/35027-31/2022-23, दिनांक 20-02-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा शासनादेश संख्या-68-5001(010)/1/2022-5, दिनांक 14 फरवरी, 2023 के संदर्भ में उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण एवं समायोजन के सम्बन्ध में निर्धारित समय सारिणी के स्थान पर समय सारिणी संशोधन किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर शासनादेश संख्या-68-5001(010)/1/ 2022-5 दिनांक 14 फरवरी, 2023 द्वारा उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण एवं समायोजन के सम्बन्ध में निर्धारित समय सारिणी के स्थान पर संशोधित समय सारिणी निम्नवत है :-

क्रमांक	कार्यवाही	तिथि
1 -	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा पोर्टल लाइव किया जाना	28 अप्रैल 2023 से
2 -	अध्यापक द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर विवरण में त्रुटि प्रदर्शित होने की दशा में पोर्टल पर आपत्ति अंकित किया जाना।	01 मई 2023 से 08 मई 2023 तक
3-	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आपत्ति का निवारण	16 मई 2023 तक
4-	Surplus अध्यापक तथा Deficit विद्यालयों की सूची ऑनलाइन प्रदर्शित करना।	22 मई 2023 तक
5-	अध्यापक द्वारा स्थानान्तरण हेतु ऑनलाइन विद्यालय का विकल्प भरा जाना।	23 मई 2023 से

		29 मई 2023 तक
6-	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा काउन्सिलिंग उपरान्त सत्यापित आवेदन पत्रों के आधार पर डाटा लॉक किया जाना।	30 मई 2023 से 07 जून 2023 तक
7 -	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा विकसित साफ्टवेयर द्वारा स्थानान्तरण की कार्यवाही किया जाना जाना।	08 जून 2023 से 14 जून 2023 तक
8-	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा विकसित साफ्टवेयर द्वारा समायोजन की कार्यवाही किया जाना।	15 जून 2023 से 22 जून 2023 तक
9-	कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण किया जाना	27 जून 2023 तक
10 -	खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित किया जाना ।	30 जून 2023 तक

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्तानुसार संशोधित समय-सारिणी के आधार पर उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण एवं समायोजन के सम्बन्ध में अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by विजय किरन आनन्द
Date: 01-03-2023 17:38:06
Reason: Approved

(विजय किरन आनन्द)
विशेष सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

(2) शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

आज्ञा से,
ह0/-
महेन्द्र प्रसाद भारती
संयुक्त सचिव